# 30 तीसवाँ अध्याय

## 30.1 Passive Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपने कौन-सी भारतीय भाषाओं के नाम सुने हैं ?

**(b) *Länder und Sprachen Indiens* – Verbinden Sie die Namen.**

| | |
|---|---|
| हिंदी | आंध्र प्रदेश |
| बांगला | महाराष्ट्र |
| मराठी | उत्तर प्रदेश |
| तेलुगु | तमिलनाडु |
| तमिल | बंगाल |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*हिंदी कहाँ बोली जाती है ?* → *हिंदी उत्तर प्रदेश में बोली जाती है ।*

**(d) Antworten Sie auf diese Fragen.**

- हिंदी और कहाँ-कहाँ बोली जाती है ?
- भारत में और कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ? कहाँ-कहाँ बोली जाती हैं ?
- दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ?

*हिंदी उत्तर प्रदेश में बोली जाती है । इसके अलावा ...*

**(e) Wie bildet und verwendet man passive Verbalkonstruktionen?**

**(f) Fragen für Gespräche**

- आपको कौन-सी भाषाएँ आती हैं ?
- आपके घर में कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ?
- जो आपको भाषाएँ आती हैं, वे आपने कैसे सीखीं ?
- आप आगे और कौन-सी भाषाएँ सीखना चाहते हैं ?

**30.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Kochen***

| |
|---|
| बर्तन धोना / धुलना    सब्ज़ियाँ, छीलना / छिलना    सब्ज़ियाँ, काटना / कटना<br>पानी, उबालना / उबलना    रोटियाँ पकाना / पकना    सब्ज़ी, बनाना / बनना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | धोना | *कोई बर्तन धो रहा है।* |
| 2. | धोया जाना | *बर्तन धोए जा रहे हैं। (किसी के द्वारा)* |
| 3. | धुलना | *बर्तन धुल रहे हैं।* |

**(b) *Bauen***

| |
|---|
| एक घर    स्कूल    इमारतें    सड़क    मेट्रो |

| | |
|---|---|
| बनाया जाना | *1. वहाँ एक घर बनाया जा रहा है।* |
| | *2. वहाँ एक घर बनाया जाएगा / ... बना दिया जाएगा।* |
| | *3. वहाँ एक घर बनाया गया / ... बना दिया गया।* |
| | *4. वहाँ एक घर बनाया गया था / ... बना दिया गया था।* |
| घर / घर को | *5. यहाँ एक घर बनाया गया।* |
| | *6. इस घर को पिछले साल बनाया गया।* |
| बनना | *7. वहाँ एक घर बन रहा है / बनेगा / बना है।* |

**(c) *Freizeit***

| |
|---|
| फ़िल्म देखना    क्रिकट मैच देखना    बाहर खाना खाना    गाड़ी में घूमना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | किया जाए ? | *फ़िल्म देखी जाए ? – फ़िल्म देखी जा सकती है।* |
| 2. | कर सकते हैं | *फ़िल्म देख सकते हैं।* |
| 3. | चलो, करते हैं ! | चलो, *फ़िल्म देखने चलते हैं !* |

**(d)** ***Sprachen***

| |
|---|
| हिंदी बांगला तमिल पंजाबी ... |
| अरबी फ़ारसी तुर्की ... |
| चीनी जापानी कोरियाई ... |
| पुर्तगाली अंग्रेज़ी रूसी फ़्रांसीसी इतालवी जर्मन ... |

1. कहाँ ? — *हिंदी कहाँ बोली जाती है ?*
   *– हिंदी ... में बोली जाती है ।*

2. (लोग) बोलना — *इस देश में हिंदी बोलते हैं ।*
3. बोला जाना — *यहाँ हिंदी बोली जाती है ।*

4. (लोग) समझना — *उस देश में हिंदी समझते हैं ।*
5. समझा जाना — *वहाँ हिंदी समझी जाती है ।*

6. चलना — *इस देश में हिंदी चलती है ।*

**30.3** ***Dimpal in Taiwan***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपको विदेश में कभी कोई त्यौहार मनाने का मौका मिला ?

**(b)** **Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| |
|---|
| बड़ी उड़नेवाली लालटेनें दुकानों से खरीदना लालटेनों पर संदेश लिखना |
| लालटेन के नीचे आग जलाना लालटेन हवा में छोड़ना लालटेन दूर से देखना |

**(c)** **Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

ताइवान का लालटेन उत्सव कैसे मनाया जाता है ?

*बड़ी उड़नेवाली लालटेनें ...*

**(d) Lesen Sie den Text.**

डिंपल ताइवान में

डिंपल अपने पति विनीत के साथ पिछले छह महीने से ताइपे में रह रही है। विनीत काम के सिलसिले में जुलाई में ताइवान आया था। यह पहला मौका है, जब डिंपल भारत से बाहर विदेश में रह रही है। यहाँ हर जगह चीनी भाषा बोली जाती है। जब डिंपल भारत में थी, तो उसे लगता था, कि अंग्रेज़ी बोलकर कहीं भी काम चलाया जा सकता है, पर ताइवान आकर उसका यह भ्रम टूट गया।

एक दिन डिंपल और विनीत पिंग्शी घूमने गए, जो उत्तर ताइवान में एक छोटा-सा कस्बा है। जिस दिन वे वहाँ गए थे, उस दिन ताइवान का एक मशहूर उत्सव मनाया जा रहा था, जिसमें लोगों द्वारा बड़ी बड़ी लालटेनें जलाकर हवा में छोड़ी जाती हैं। उस उत्सव के बारे में दोनों ने नेट पर पढ़ा था और तब से उनका बहुत मन था यहाँ आकर उत्सव देखने का। उत्सव वाले दिन वे दोपहर को दो ट्रेन बदलकर पिंग्शी पहुँचे। वहाँ पहुँचकर उन्होंने पहले शीफ़ेन का मशहूर झरना देखा। उसके बाद पिंग्शी बाज़ार पहुँचे, जहाँ पर बहुत लोग मौजूद थे और लालटेन उत्सव मनाया जा रहा था। तब डिंपल ने विनीत से कहा कि चलो, हम भी एक लालटेन हवा में उड़ाएँ !

**(e) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. डिंपल कितने समय से ताइवान में रह रही है ?
2. क्या वह वहाँ नौकरी कर रही है ?
3. क्या डिंपल को चीनी भाषा आती है ?
4. डिंपल और विनीत पिंग्शी क्या करने गए थे ?
5. पिंग्शी का लालटेन उत्सव कैसे मनाया जाता है ?
6. लालटेन उत्सव के अलावा उन्होंने पिंग्शी में क्या देखा ?

**(f) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(g) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(h) Übersetzen Sie den Text.**

## 30.4 *Lieder, Filme, Romane ...*

**(a) Was bedeuten diese Wörter?**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फ़िल्में | गाने | समाचार | कहानियाँ | कविताएँ | उपन्यास |

**(b) Suchen Sie passende Verben aus und bilden Sie Sätze nach dem Beispiel:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बनाना | लिखना | गाना | देखना | दिखाना | सुनना | सुनाना | पढ़ना |

*फिल्में बनाई जाती हैं, ...*

**(c) Bilden Sie passive Verbalkonstruktionen im Präsens, Präteritum und Futur und übersetzen Sie sie.**

1. पढ़ना (3. Sg. f.) 2. लिखना (3. Sg.m.) 3. देखना (3. Pl. f.) 4. सुनना (3. Pl. m.)

**(d) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| है | है | बनी हैं | बनाई गई हैं | दिखाया गया है |
| किए जाते हैं | डाला गया | लाए गए | | |

1. एकता (21) को फिल्में देखने का बहुत शौक ______ ।
2. उसका मानना ______ , कि जो फ़िल्में 50 और 60 के दशक में ______ ,
3. उनके गाने आज भी पसंद ______ ।
4. 70 के दशक में तब के निर्देशकों द्वारा कई नए विषय सामने ______ ।
5. 80 के दशक में फ़िल्मों के द्वारा समाज की समस्याओं पर प्रकाश ______ ,
6. और जो फ़िल्में 90 के दशक में ______ ,
7. उनमें भारत का एक बदलता समाज ______ ।

**(e) Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फ़िल्म | गाना | ब्लॉग | किताब | कविता |

- आप किसी एक फ़िल्म के बारे में बताइए, जो आपको बहुत पसंद आई।
- आपको किसकी फ़िल्में पसंद हैं ?
- आप आम तौर पर किस तरह की फ़िल्में पसंद करते हैं ?

**30.5** ***In Delhi***

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी दिल्ली गए हैं ?

**(b) Transliterieren und transkribieren Sie die folgenden Namen. Vergleichen Sie sie mit der angloindischen Schreibweise.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाल किला | चाँदनी चौक | कनॉट प्लेस | जनपथ | इंडिया गेट |
| निज़ामुद्दीन | हुमायूँ का मकबरा | हौज़ खास | कुतुब मीनार | |

**(c) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी इन जगहों में से किसी का नाम सुना है ?

**(d) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

| | |
|---|---|
| पुरानी दिल्ली / लाल किला देखना | मेहरौली / कुतुब मीनार देखना |
| निज़ामुद्दीन / हुमायूँ का मकबरा देखना | राष्ट्रीय संग्रहालय / प्राचीन मूर्तियाँ देखना |
| कनॉट प्लेस / किसी रेस्तराँ में खाना खाना | इंडिया गेट / शाम बिताना |

दिल्ली में देखने के लिए क्या-क्या है ?

*पुरानी दिल्ली जाकर लाल किला देखा जा सकता है ।*

**(e) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मॉल में जाना | पार्क में सैर करना | किला देखना | मंदिर में जाना | |
| गुरद्वारे में जाना | मस्जिद में जाना | दरगाह जाना | मकबरा देखना | बावली देखना |

- क्या आप कभी किसी मॉल में गए हैं ?
- पिछली बार आप मॉल कब गए थे ?

**(f) Antworten Sie auf diese Fragen.**

- आप किसी एक शहर के बारे में बताइए, जिसकी आपको अच्छी जानकारी है ।
- आप पिछली बार वहाँ कब गए थे ?
- वहाँ क्या-क्या किया जा सकता है ?